भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या : *26

उत्तर देने की तारीख : 03.02.2022

**नई रोशनी योजना**

*26. **श्री तालारी रंगैय्या:**

**श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नई रोशनी योजना के अंतर्गत गत तीन वर्षों के दौरान संस्वीकृत की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान आबंटित धनराशि में से उपयोग में लाई गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के तहत अब तक की गई वास्तविक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत लाभार्थियों का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण हो और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

**"नई रोशनी योजना" के संबंध में श्री तालारी रंगैय्या और श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ द्वारा पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *26 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (घ) नई रोशनी योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व विकास के लिए ज्ञान, उपकरण और तकनीक प्रदान करके महिलाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है।

यह 18 से 65 वर्ष की आयु वर्ग में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए चयनित कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा आयोजित छह दिवसीय गैर-आवासीय/पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कार्यक्रम, स्वास्थ्य और स्वच्छता, महिलाओं के कानूनी अधिकार, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, स्वच्छ भारत, जीवन कौशल और सामाजिक और व्यवहारिक परिवर्तनों के पक्ष समर्थन आदि से संबंधित क्षेत्रों को शामिल किया गया है। योजना-विशिष्ट अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://nairoshni-moma.gov.in पर उपलब्ध है। यह योजना सभी लाभार्थियों को प्रशिक्षण के बाद 12 महीने तक की अवधि के लिए हैंड-होल्डिंग प्रदान करती है।

पिछले तीन वर्षों अर्थात 2018-19 से 2020-21 के दौरान इस योजना के तहत 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं जिसके माध्यम से लगभग एक लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है। पिछले तीन वर्षों की वास्तविक और वित्तीय प्रगति का राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अब तक कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसियों को 108.24 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और इस योजना के तहत लगभग 4.35 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

******

**"नई रोशनी योजना" के संबंध में श्री तालारी रंगैय्या और श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ द्वारा पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *26 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध**

**नई रोशनी योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों (2018-19 से 2020-21) के दौरान स्वीकृति निधि का राज्यवार विवरण**

| क्र.सं. | राज्य | जारी की गई निधि (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0.39 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.03 |
| 3 | असम | 1.34 |
| 4 | बिहार | 0.14 |
| 5 | छत्तीसगढ | 0.14 |
| 6 | दिल्ली | 0.59 |
| 7 | गुजरात | 0.03 |
| 8 | हरियाणा | 0.51 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0.03 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 0.30 |
| 11 | झारखंड | 0.12 |
| 12 | कर्नाटक | 0.29 |
| 13 | केरल | 0.16 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3.11 |
| 15 | महाराष्ट्र | 0.50 |
| 16 | मेघालय | 0.02 |
| 17 | नागालैंड | 0.08 |
| 18 | उड़ीसा | 0.15 |
| 19 | पंजाब | 0.29 |
| 20 | राजस्थान | 1.08 |
| 21 | तेलंगाना | 0.13 |
| 22 | तमिलनाडु | 0.22 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 15.91 |
| 24 | उत्तराखंड | 0.65 |
| 25 | पश्चिम बंगाल | 0.47 |